Title: Requests the Central Government to direct the State Government of Madhya Pradesh to withdraw the illegal orders on the sale of urea in the market.

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय : सभापति जी, मध्य प्रदेश के लाखों किसानों के सामने आज रासायनिक खाद यूरिया के न मिलने का संकट खड़ा हो गया है क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय कानूनों की अवहेलना करते हुए एक ऐसा आदेश प्रसारित किया है जिससे मध्य प्रदेश के किसानों को यूरिया खाद बाजार में मिलनी दुर्लभ हो गयी है। केवल कुछ सीमित स्थानों पर जो मार्केटिंग सोसायटीज या कोआपरेटिव के जरिये होता है, वहीं से मिल रही है। मेरा केन्द्रीय मंत्री जी से निवेदन है कि वे इस मामले को देखें ताकि इस समय किसानों के सामने जो संकट खड़ा हुआ है और ऐसे अवसर पर जबकि किसान यूरिया चाहते हैं, उन्हें यूरिया उपलब्ध हो और मध्य प्रदेश के उस गैरकानूनी आदेश को वापिस लेने के लिए आप उन्हें बाध्य करें ताकि किसान अपने को संकट से मुक्त पा सकें।